0117CH09

# 9. गेंद-बल्ला


गेंद ने बल्ले से कहा – तुम मुझे क्यों मारते हो?
बल्ले ने कहा – मारूँ नहीं तो खेल कैसे हो?
गेंद जब बल्ले के पास आई तो उसने उसे ज़ोर से मारा।
गेंद कुदकती-फुदकती दूर जाकर एक झाड़ी में छिप गई।



बल्ला उसे ढूँढ़ता रहा, ढूँढ़ता रहा। ढूँढ़ते-ढूँढ़ते शाम हो गई। अँधेरा घिरने लगा। गेंद खुश थी कि बल्ला परेशान हो रहा है। बल्ला निराश होकर लौट चला।

तभी गेंद ने झाड़ी में से चिल्लाकर कहा – मैं यहाँ हूँ। आओ, मुझे ले लो।

बल्ले ने उसे झाड़ी के नीचे से खींचकर उठा लिया। गेंद ने कहा – देखो, अब मुझे मारना मत।



**गिल्ली डंडे के खेल में गिल्ली को डंडे से मारते हैं। कुछ और खेल बताओ, जिनमें एक चीज़ को दूसरी से मारा जाता है।**

...................... ......................



...................... ......................

...................... ......................

**गेंद खो गई तो गेंद–बल्ला नहीं खेल पाएँगे।**

गुल्ली खो गई तो ..........................................

माँझा खो गया तो ..........................................

पासा खो गया तो ..........................................

चिड़ी खो गई तो ..........................................

**अगर तुम्हारे घर में गेंद खो गई तो कहाँ–कहाँ ढूँढ़ोगे?**

.................................... ....................................

.................................... ....................................

.................................... ....................................